पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में 10 सूचना आयुक्तों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न
राज्यपाल ने नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ ग्रहण करायी

लखनऊः 26 फरवरी, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त दस राज्य सूचना आयुक्तों (1) श्री सुबेश कुमार सिंह, (2) श्रीमती रचना पाल, (3) श्री सुभाष चन्द्र सिंह, (4) श्री हर्षवर्धन शाही, (5) श्री अजय कुमार उप्रेती, (6) श्रीमती किरन बाला चैधरी, (7) श्री चन्द्रकान्त पाण्डेय, (8) श्री प्रमोद कुमार तिवारी, (9) श्री नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं (10) श्री राजीव कपूर को शपथ ग्रहण करायी। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्य सचिव डाॅ0 अनूप चन्द्र पाण्डेय, मुख्य सूचना आयुक्त श्री जावेद उस्मानी, पुलिस महानिदेशक श्री ओ0पी0 सिंह, अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल श्री हेमन्त राव, नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों के परिजन सहित अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सूचना आयुक्त श्री जावेद उस्मानी ने किया।

(1) श्री सुबेश कुमार सिंह भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं जिन्हें सहारनीय सेवा हेतु दो बार राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक सहित कुल सात पदक प्रदान किये गये हैं। (2) श्रीमती रचना पाल समाज सेवा के क्षेत्र से हैं। (3) श्री सुभाष चन्द्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार हैं जिन्हें अनेक प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में लेखन तथा सम्पादन का 30 वर्ष का लम्बा अनुभव है। (4) श्री हर्षवर्धन शाही वरिष्ठ पत्रकार हैं जो अनेक प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में संवाददाता रहे है तथा 33 वर्ष का लम्बा अनुभव है। (5) श्री अजय कुमार उप्रेती पत्रकार है जिन्हें विभिन्न समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं में कार्य करने का 20 वर्ष का अनुभव है। (6) श्रीमती किरन बाला चैधरी वरिष्ठ पत्रकार हैं जिन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में ज्वलंत समस्याओं को उठाने तथा महिलाओं के लिये कुटीर उद्योग, उनकी स्वास्थ्य सेवायें, चिकित्सा कैम्प व अन्य सामाजिक सेवा के कार्य किये हैं। (7) श्री चन्द्र कान्त पाण्डेय भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं जिन्हें प्रशासन, शांति व्यवस्था, विकास, न्याय एवं विधि क्षेत्र में कार्य का अच्छा अनुभव है। (8) श्री प्रमोद कुमार तिवारी भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं जिन्हें सराहनीय सेवाओं हेतु वर्ष 2003 व 2012 में राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान किया गया है। (9) श्री नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार है जिन्हें विभिन्न समाचार पत्रों एवं समाचार एजेन्सी में कार्य करने का अनुभव है। (10) श्री राजीव कपूर भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं जिन्हें अनेक महत्वूपर्ण विभागों एवं संस्थाओं में कार्य करने का अनुभव है।

यह प्रदेश में पहला अवसर है कि दस राज्य सूचना आयुक्तों की एक साथ नियुक्ति हुई और उन्हें शपथ दिलाई गई। उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग में एक अध्यक्ष और 10 सूचना आयुक्त का प्राविधान है।

अंजुम/ललित/राजभवन (76/39)